**भारत की राष्ट्रपति**

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**

**का**

**अंगोला यात्रा के दौरान प्रेस वक्तव्य**

**लुआंडा: 9 नवंबर 2025**

मुझे लुआंडा आकर बहुत खुशी हो रही है। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति का अंगोला का पहला राजकीय दौरा है। मैं महामहिम राष्ट्रपति लॉरेन्सो का उनके सौजन्यपूर्ण आमंत्रण के लिए धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे अंगोला की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ के उत्सव में भाग लेने, और State Visit पर आने का अवसर दिया।

मैं अंगोला की सरकार और जनता का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने मेरा और मेरे प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत किया। मेरी टीम में हमारे राज्य मंत्री श्री वी सोमन्ना, तथा हमारे संसद के दो माननीय सदस्य, श्री पी वसावा और श्रीमती डी के अरुणा शामिल हैं।

आपकी स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ के लिए मैं भारत के 140 करोड़ नागरिकों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और स्नेहपूर्ण अभिवादन लाई हूं। भारत ने anti-colonial प्रयासों के तहत अंगोला के स्वतंत्रता संग्राम का समर्थन किया, और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अंगोला के पुनर्निर्माण और विकास में निकट सहयोग किया।

हम अंगोला की प्रगति और यहाँ के लोगों की समृद्धि के लिए किए गए development efforts की प्रशंसा करते हैं। हम अंगोला की African Union के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व के लिए भी उन्हें बधाई देते हैं।

यह वर्ष भारत-अंगोला संबंधों में एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा है। दोनों देश इस वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस वर्ष मई में, हमें महामहिम राष्ट्रपति लॉरेन्सो को उनके भारत के पहले State Visit पर स्वागत करने का सम्मान प्राप्त हुआ। उनके visit ने हमें हमारे घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों की सभी पहलुओं की समीक्षा करने का अवसर प्रदान किया। Defence procurement के लिए credit line के अलावा, कृषि, traditional medicine और आयुर्वेद तथा सांस्कृतिक सहयोग कार्यक्रम के क्षेत्रों में तीन MoUs पर हस्ताक्षर किए गए।

भारत और अंगोला की साझेदारी आपसी विश्वास, परस्पर सम्मान और हमारे लोगों के समृद्ध भविष्य की साझा दृष्टि पर आधारित है। हम द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाने और क्षेत्रीय व वैश्विक मामलों में विचारों के आदान-प्रदान के लिए निकट सहयोग कर रहे हैं।

आज, राष्ट्रपति लॉरेन्सो के साथ मेरी विस्तृत वार्ता के दौरान, हमें द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा करने और क्षेत्रीय सहयोग को और मजबूत करने के अवसर प्राप्त हुए।

हमारी आर्थिक साझेदारी एक जीवंत energy partnership पर आधारित है। हमने नए क्षेत्रों में व्यापार और निवेश संबंधों को और विविध बनाने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें technology, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, infrastructure और people to people ties शामिल हैं।

राष्ट्रपति जी और मैं इस बात पर सहमत हुए, कि हम विभिन्न द्विपक्षीय क्षेत्रों में, तथा India-Africa Forum Summit के व्यापक संदर्भ में, अपने सहयोग को गहन बनाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

हमने fisheries, aquaculture और marine resources तथा consular मामलों में सहयोग के लिए दो MoUs भी संपन्न किए तथा air services agreement को आगे बढ़ाने का भी निर्णय लिया। अंगोला ने International Big Cat Alliance (IBCA) और Global Bio Fuels Alliance (GBA) में शामिल होने का निर्णय लिया है। हम अंगोला का IBCA और GBA में स्वागत करते हैं।

कल दोपहर, मुझे अंगोला की National Assembly के President से मिलने का अवसर मिलेगा और मैं अंगोला की संसद के माननीय सदस्यों को संबोधित करूंगी। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत अंगोला के साथ संसदीय सहयोग को बढ़ाने की आशा करता है। मैं भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ मिलने के लिए भी उत्सुक हूं।

एक बार फिर, मैं राष्ट्रपति लॉरेन्सो को उनके आतिथ्य और स्वागत के लिए हार्दिक धन्यवाद देती हूं। मुझे विश्वास है कि मेरी यह यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों तथा मित्रता को और अधिक मजबूत बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

धन्यवाद!